कन्या कॉलेज में सफाई में जुटी छात्राऐ

कन्या कॉलेज में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का शिविर आयोजित

बालोतरा(निसं)। डीआरजे राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें प्राचार्य डॉ. उम्मेदसिंह इन्दा द्वारा छात्राओं को श्रमदान व राष्ट्रीय सेवा से प्रेरित उद्बोधन देते हुए कहा कि युवाओं को श्रमदान व सकारात्मक कार्य करके राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा का ध्येय वाक्य मैं नही आप और राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक निरन्तर प्रगतिशीलता युवा शक्ति के लिये प्रेरणास्त्रोत है। प्रत्येक स्वयंसेविका का यह लक्ष्य होना चाहिए कि कोई कार्य छोटा नही होता। निरन्तर कार्यशीलता एवं निष्ठा से राष्ट्र को आगे बढ़ाए। एनएसएस प्रभारी डॉ. राजकुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ हमें अपना भारत श्रेष्ठ बनाना है।